गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
(ISO 9001 : 2015 एवं ISO 14001 : 2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ गाजियाबाद

पत्रांक 31/मा0 प्लान अनुभाग/2022 दिनांक 21/09/2022

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स शिवम मेडिकल इन्स्टीटयूट प्रा0 लि0, शिवम शर्मा पुत्र श्री कामेश चन्द्र शर्मा द्वारा श्रीमती सोमलता शर्मा पत्नी श्री के0सी0 शर्मा द्वारा खसरा सं0 299/2मि ग्राम प्रहलादगढी, गाजियाबाद की भूमि पर सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशन हेतु ऑनलाईन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद महायोजना–2021 के अनुसार प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग 100 मी0 चौडे लिंक रोड के मार्गाधिकार की भूमि छोडने के उपरान्त शेष भाग 60 मी0 चौडी ग्रीन बेल्ट भू–उपयोग के अन्तर्गत प्रदर्शित है। महायोजना मे उल्लिखित जोनिंग रेगुलेशन के प्रावधानो के अनुसार ग्रीन बेल्ट भू–उपयोग मे सी0एन0जी0 फिलिंग स्टेशन किया विशेष अनुमति से अनुमन्य है। इस प्रकार की क्रिया की अनुमति से पूर्व जन–सामान्य से आपत्ति /सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन में निहित है। उक्त के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन–सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नही किया जा सकेंगा।

ई-मेल : **helplinegda@gmail.com,** **@Gda Ghaziabad** **: gdagzb**

हेल्पलाईन नं: **0120-6110433,** व्हाट्सएप : **9990988004,** वेबसाईट : **www.gdaghaziabad.in**

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प